 **Student's Copy**

# 2023

# LAW OF CONTRACTS AND TORTS

# संविदा तथा अपकृत्य विधि

*Time Allowed* : 3 Hours ] [ *Maximum Marks* : 150
समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 150

*Marks are indicated against each question*
*प्रत्येक प्रश्न के अंक अंत में दिए गए हैं*

Answer **six** questions, taking **three** from each Part
प्रत्येक भाग से **तीन** प्रश्नों का चयन करते हुए कुल **छः** प्रश्नों के उत्तर दीजिए

## Part—I / भाग—I

## ( Law of Contracts / संविदा विधि )

**1.** *(a)* Is consideration a necessity for the existence of a simple contract? If yes, why? Discuss the cases when the essentiality of consideration can be waived. 15

क्या प्रतिफल, सामान्य संविदा के अस्तित्व के लिए आवश्यक है? यदि हाँ, तो क्यों? उन घटनाओं का वर्णन कीजिए जब प्रतिफल की आवश्यकता को नकारा जा सकता है।

*(b)* *A* owed *B* ₹ 10,000 but the debt is barred by the Indian Limitation Act, 1963. Subsequently *A* signs a written promise to pay ₹ 10,000 on account of the previous debt. Decide the validity of this agreement. 10

*A* ने *B* से ₹ 10,000 ऋण लिया परन्तु यह ऋण भारतीय परिसीमा अधिनियम, 1963 के द्वारा कालातीत हो गया। तदुपरांत *A* ने पूर्व ऋण के लिए ₹ 10,000 अदा करने के लिखित वचन पर हस्ताक्षर किया। इस करार की विधिमान्यता का निर्णय कीजिए।

**2.** *(a)* *A* accepted a Vakalatnama from *B* to act for him in a certain suit on receiving his usual fee. Subsequently *B* agreed to pay him a certain sum of money as a special reward (Inam) if the suit was decided in his favour. The suit was decided in favour of *B*, who later did not pay the agreed sum of money to *A*. Therefore, *A* brings a suit against *B* claiming this amount.

Examine the above-mentioned problem and decide. 15

*A* ने अपना सामान्य व्यवहारिक शुल्क *B* से प्राप्त करके, उसके लिए एक वाद में अपना वकालतनामा स्वीकार किया। तत्पश्चात् *B* इस बात के लिए राजी हो गया कि यदि उक्त वाद *B* के पक्ष में निर्णीत हो जाता है, तब वह *A* को विशेष पुरस्कार (इनाम) के रूप में एक निश्चित धनराशि देगा। वाद *B* के पक्ष में निर्णीत हो गया, जिसने बाद में उक्त निश्चित पुरस्कार की धनराशि का भुगतान *A* को नहीं किया। अत: पुरस्कार की धनराशि का दावा करते हुए *A* ने *B* के विरुद्ध वाद प्रस्तुत किया।

उपरोक्त समस्या का परीक्षण करते हुए निर्णय दीजिए।

*(b)* An agreement without consideration is void. Analyse this provision. 10

प्रतिफल के बिना करार शून्य है। इस उपबन्ध का विश्लेषण कीजिए।

3. (a) Fraud, which vitiates the contract, must have nexus with the acts of the parties prior to entering into the contract. Explain. 15

कपट, जो संविदा को भंग करता है, का संबंध पक्षकारों द्वारा संविदा करने से पूर्व के उनके कार्यों से होना चाहिए। स्पष्ट कीजिए।

(b) What do you mean by preventive relief? How can a permanent injunction under the Specific Relief Act, 1963 be obtained? 10

निरोधात्मक अनुतोष से क्या तात्पर्य है? विशिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 के अन्तर्गत शाश्वत व्यादेश कैसे प्राप्त किया जा सकता है?

4. Write short notes on the following : 5×5=25

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(a) Responsibility of finder of goods

माल पड़ा पाने वाले का उत्तरदायित्व

(b) Remedies for breach of contract

संविदा भंग के लिए उपचार

(c) Difference between void contract and void agreement

शून्य संविदा और शून्य करार में अन्तर

(d) Difference between pledge and bailment

गिरवी और उपनिधान में अन्तर

(e) Continuing guarantee

चिरगामी प्रत्याभूति

5. Examine the nature of the following agreements. Give reasons in support of your answer : 10+10+5=25

निम्नलिखित करारों की प्रकृति का परीक्षण कीजिए। अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए :

(a) *A*, an accused, is required under the Criminal Procedure Code to furnish a surety in the sum of five thousand rupees for his good behaviour. He deposits the sum with *B* and persuades him to become surety. *B* agrees to it. After the period of suretyship is over, the accused *A* sues *B* for the amount.

*A*, जो एक अभियुक्त है, को दण्ड प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत, अपने अच्छे व्यवहार के लिए पाँच हजार रुपए की प्रतिभू प्रस्तुत करनी है। वह उक्त धनराशि *B* के पास जमा कर देता है तथा उसे प्रतिभू बनने के लिए मना लेता है। *B* उसके लिए तैयार हो जाता है। प्रतिभूत्व की अवधि बीत जाने के उपरान्त अभियुक्त *A* उक्त धनराशि के लिए *B* के विरुद्ध वाद प्रस्तुत करता है।

(b) *A* and *B*, two wrestlers, agreed to play a wrestling match on the condition that the party failing to appear on the day fixed was to forfeit ₹ 500 to the opposite party and the winner was to receive ₹ 1,500 out of the proceeds. *B* failed to appear on the day fixed. Thus, *A* sues *B* for the amount.

*A* तथा *B*, दो पहलवान, एक कुश्ती मैच खेलने के लिए इस शर्त पर सहमत होते हैं कि जो पक्ष नियत तिथि पर उपस्थित नहीं होगा उसे विपक्षी को जुर्माने के रूप में ₹ 500 देने होंगे तथा विजेता प्राप्त राशि में से ₹ 1,500 प्राप्त करेगा। *B* नियत दिन को उपस्थित होने में असफल रहा। अत: *A* उक्त धनराशि के लिए *B* के विरुद्ध वाद लाता है।

(c) A agrees to supply to B 'a hundred tons of oil' within a specified time. B makes the payment but A does not supply oil to B by the specified time. B sues A for the loss.

A एक नियत अवधि में B को 'सौ टन तेल' की आपूर्ति करने के लिए सहमत होता है। B भुगतान कर देता है लेकिन A नियत तिथि तक B को तेल की आपूर्ति नहीं करता है। B क्षति के लिए A के विरुद्ध वाद लाता है।

## Part—II / भाग—II
## ( Law of Torts / अपकृत्य विधि )

**6.** (a) "The decision of the Supreme Court of India in Kasturilal's case has not yet been overruled but the subsequent decisions of the Courts have limited the extent of the principle of State immunity to a very limited area and distinction between 'sovereign' and 'non-sovereign' functions of the State has almost been obliterated." Critically evaluate this statement with relevant illustrations. 15

"कस्तूरीलाल के मामले में भारत के सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को अभी तक निरस्त नहीं किया गया है, लेकिन न्यायालयों के बाद के निर्णयों ने दुष्कृत्य के लिए राज्यों की उन्मुक्ति के सिद्धान्त को सीमित कर दिया है तथा राज्यों के 'सम्प्रभु' एवं 'गैर-सम्प्रभु' कार्यों के भेद को लगभग अभिलोपित कर दिया है।" उक्त कथन का मूल्यांकन सुसंगत उदाहरणों के द्वारा कीजिए।

(b) "Indian Courts have refused to follow some of the doctrines of law of torts as established by the English Courts in the 19th century." Explain this statement with the help of relevant decisions, especially in the light of 'Strict Liability Rule'. 10

"आँग्ल न्यायालयों द्वारा 19वीं शताब्दी में प्रतिस्थापित अपकृत्य विधि के कई सिद्धान्तों का भारतीय न्यायालयों ने अनुसरण करने से मना कर दिया है।" सुसंगत निर्णयों की सहायता से उक्त कथन का स्पष्टीकरण विशेष रूप से 'कठोर दायित्व के नियम' के संदर्भ में कीजिए।

**7.** (a) Define malicious prosecution. What are its essential ingredients? What must a plaintiff prove for getting success in case of a suit for malicious prosecution? Can a suit of malicious prosecution be filed against corporation also? If yes, in which circumstances? 15

विद्वेषपूर्ण अभियोजन को परिभाषित कीजिए। इसके आवश्यक अवयव क्या हैं? वादी को विद्वेषपूर्ण अभियोजन के वाद में सफल होने के लिए क्या बातें सिद्ध करना आवश्यक है? क्या विद्वेषपूर्ण अभियोजन का वाद निगम के विरुद्ध भी चलाया जा सकता है? यदि हाँ, तो किन परिस्थितियों में?

(b) What is the law relating to the vicarious liability of the State for the wrongful acts of its employees? Discuss with the help of relevant case laws. 10

अपने कर्मचारियों के त्रुटिपूर्ण कार्य के लिए राज्य के प्रतिनिधिक दायित्व के सम्बन्ध में क्या विधि है? प्रासंगिक वादों की सहायता से समझाइए।

**8.** (a) The tort of defamation consists of publication of a false and defamatory statement concerning the plaintiff without any lawful justification. Explain with the help of illustrations. 15

मानहानि के अपकृत्य में, वादी से सम्बन्धित मिथ्या एवं मानहानिजनक कथन का प्रकाशन शामिल है, जिसके प्रकाशन का कोई विधिक औचित्य नहीं है। दृष्टान्तों की सहायता से स्पष्ट कीजिए।

(b) *A* lives in a city colony. His mother was dead some two years back. *B* makes a statement that *A*'s mother was a prostitute. *A* sues *B* for defamation and claims damages. Examine. 5

*A* एक नगर कॉलोनी में निवास करता है। कुछ दो वर्ष पूर्व उसकी माँ का देहान्त हो गया था। *B* एक कथन करता है कि *A* की माँ एक वेश्या थी। *A*, *B* के विरुद्ध मानहानि का वाद लाता है तथा क्षतिपूर्ति का दावा करता है। परीक्षण कीजिए।

(c) A company published a notice that on a certain date wife of GM had delivered twin sons. The fact is that the GM and his wife had been married little more than a month before the date announced in the notice. The GM sues company for defamation. Will he succeed? Decide. 5

एक कम्पनी ने सूचना प्रकाशित की कि अमुक तिथि को जी०एम० की पत्नी ने जुड़वाँ बेटों को जन्म दिया है। तथ्य यह है कि सूचना में दी गई तिथि से कोई एक माह से अधिक वक्त पूर्व जी०एम० और उसकी पत्नी विवाहित हुए थे। जी०एम० ने कम्पनी के विरुद्ध मानहानि का वाद प्रस्तुत किया। क्या वह सफल होगा? निर्णीत कीजिए।

**9.** Write short notes on the following : 5×5=25

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(a) Pigeon-hole theory
कपोतछिद्र का सिद्धान्त

(b) Last opportunity rule
अन्तिम अवसर का सिद्धान्त

(c) Malice in tort
अपकृत्य में दुराशय

(d) *Volenti non fit injuria*
स्वेच्छा से उठाई गई क्षति

(e) *Res ipsa loquitur*
परिस्थितियाँ स्वयं बोलती हैं

**10.** (a) "An attempt at deceit which does not deceive is not fraud." Do you agree? Whether mere silence with regard to a material fact will amount the tort of deceit? Support your answer with decided cases. 15

''प्रवंचना का ऐसा प्रयास जो प्रवंचित न करे, कपट नहीं होता।'' क्या आप इससे सहमत हैं? क्या किसी सारभूत तथ्य के सम्बन्ध में मौन रहना, प्रवंचना का अपकृत्य होगा? निर्णीत मामलों के साथ अपने उत्तर दीजिए।

(b) "'*Damnum sine injuria*' and '*Injuria sine damnum*' are two different principles of law, agreed upon a same principle of law." Comment. 10

'''बिना क्षति के हानि' और 'बिना हानि के क्षति', विधि के दो भिन्न सिद्धांत हैं पर विधि के एक ही सिद्धांत पर सहमत हैं।'' टिप्पणी कीजिए।

★★★



SEAL